जन सम्पर्क प्रकोष्ठ

राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर

Phone: 0151-2543419 (O) 2549348 (Fax) E-mail: prcrajuvas@gmail.com

प्रो. बी.के. बेनीवाल
समन्वयक
9460922229

प्रो. राजेश कुमार धूड़िया
सदस्य
9414283388

क्रमांक 36 **10 मई, 2015**

राज्य सरकार ने जारी की वेटरनरी विश्वविद्यालय में रिक्त पदों की भरने की पहली स्वीकृति

भर्ती प्रक्रिया के आवेदन शीघ्र जारी होंगे: कुलपति प्रो. गहलोत

बीकानेर, 10 मई। राज्य सरकार ने शुक्रवार को आदेश जारी करके वेटरनरी विश्वविद्यालय में शैक्षणिक व अशैक्षणिक रिक्त पदों को भरने की स्वीकृति प्रदान की है। वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ए.के. गहलोत ने बताया कि राज्य सरकार ने सभी रिक्त शैक्षणिक पदों प्राध्यापकों आदि कि विश्वविद्यालय के ही नियमानुसार भरने की स्वीकृति जारी कर दी है। इसी प्रकार अशैक्षणिक पदों के लिए रिक्त 113 पदों पर भी भर्ती की अनुमति प्रदान की है। इसी क्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा वित्तपोषित 10 पदों पर भर्ती की स्वीकृति भी राज्य सरकार ने प्रदान की है। कुलपति प्रो. गहलोत ने बताया की राज्य सरकार ने 1 अप्रैल 2015 को परिपत्र जारी कर यह निर्देश दिये थे कि रिक्त पदों एवं सेवानिवृत से रिक्त हुए पदों पर विश्वविद्यालय सहित सभी इकाइयों में वित्त विभाग की सहमति के बिना नियुक्ति नहीं की जा सकेगी। विश्वविद्यालय ने तुरन्त प्रस्ताव तैयार कर प्रशासनिक एवं आयोजना विभाग से अनुमोदित करवा कर इसे वित्त विभाग को प्रेषित किया ताकि विश्वविद्यालय का कार्य सुचारु रूप से चल सके। इस संबंध में सरकार द्वारा चाही गयी समस्त सूचनाओं को विश्वविद्यालय द्वारा त्वरित गति से उपलब्ध करवाया गया, जिसके फलस्वरुप राज्य सरकार के वित्त एवं प्रशासनिक विभाग ने प्रथम चरण में 279 पदों को विश्वविद्यालय के सेवानियमों के अनुसार भरे जाने हेतु स्वीकृति जारी कर दी है। कुलपति प्रो. गहलोत ने बताया की राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत कुल 279 पदो की भर्ती हेतु आवेदन शीघ्र जारी किए जाएंगे ताकि देश में विश्वविद्यालय एक नये तथा अग्रणी मुकाम पर पहुंच सके व राज्य में पशुपालन के क्षेत्र को नयी दिशा प्राप्त हो सके।

समन्वयक
जन संम्पर्क प्रकोष्ठ